# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## अभ्यास प्रश्न पत्र

## कक्षा - X (2022-23)

## विषय - हिन्दी 'अ'

**अधिकतम अंक - 80** **अवधि 3 घंटे**

| प्रश्न सं. | | प्र. x अं |
|---|---|---|
| | सामान्य निर्देश :-<br>1. प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड 'अ' और 'ब' में विभक्त है।<br>2. खंड 'अ' में 49 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमे से केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं।<br>3. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।<br>4. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।<br>5. यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए। | |
| | खंड - क<br>(अपठित-अंश) | 10 |
| प्रश्न सं 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 5x1= 5 |
| | मौसम में बदलाव व भीषण बीमारियों के फैलने से चिंतित होकर वैज्ञानिकों ने खोज की तो उन्होंने प्रदूषण को इसका एकमात्र कारण पाया। यह समस्या विश्व-व्यापी है। कल-कारखानों, बढ़ते वाहनों की संख्या, पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई और विकास के नाम पर प्रकृति से छेड़-छाड़ के कारण प्रदूषण की समस्या विकराल हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय प्रदूषण को रोकने के लिए प्रयासरत है, परन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि सारे कल-कारखाने बंद कर दिए जाएँ, या सभी वाहनों को रोक दिया जाए और हम पुन: पाषाण काल में लौट जाएँ और विज्ञान की प्रगति को ताक पर रख दें। समस्या का हल विकास को रोकने में नहीं<br>बल्कि युक्तिसंगत उपाय खोजने में है । प्रकृति से तालमेल बनाकर धरा को हरा-भरा रखें, प्रकृति के भंडार का समुचित उपयोग करें और पर्यावरण का संरक्षण करें। पर्यावरण हमारा पालनकर्ता और जीवनहार है। पेड़-पौधे और पशु-पक्षी हमारे सहायक हैं। पार्क, बाग-बगीचे शहर हृदय स्वरूप हैं। प्रदूषण रोकने में सभी लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। गंदगी न फैलाएँ, जहाँ गंदगी हो वहाँ साफ-सफ़ाई करें, अधिकाधिक वृक्ष लगाएँ और अनभिज्ञ लोगों को जागरूक करें। हमारे सामूहिक प्रयास से ही यह समस्या सुलझ सकती है। | |
| | I. वैज्ञानिकों की चिंता के क्या कारण हैं?<br>(क) मौसम में बदलाव व भीषण बीमारियों का फैलना *<br>(ख) प्रकृति से छेड़-छाड़<br>(ग) बढ़ते वाहनों की संख्या<br>(घ) पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई<br>II प्रदूषण के बढ़ने का कारण आप क्या मानते हैं? | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) प्रकृति से छेड़-छाड़<br>(ख) बढ़ते वाहनों की संख्या<br>(ग) पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई<br>(घ) उपरोक्त सभी<br>III वैज्ञानिकों ने मौसम में बदलाव व भीषण बीमारियों के फैलने का क्या कारण पाया?<br>(क) बाढ़<br>(ख) प्रदूषण<br>(ग) भूकंप<br>(घ) ओला-वृष्टि<br>IV अंतर्राष्ट्रीय समुदाय किसके लिए प्रयासरत है ?<br>(क) मौसम में बदलाव रोकने के लिए<br>(ख) प्रदूषण को रोकने के लिए<br>(ग) बीमारियों के फैलने से रोकने के लिए<br>(घ) पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई<br>V सामूहिक प्रयास का क्या आशय है?<br>(क) सभी नागरिक मिलकर कोशिश करें<br>(ख) सभी जानवर मिलकर कोशिश करें<br>(ग) सभी पेड़-पौधे मिलकर कोशिश करें<br>(घ) सभी कल-कारखाने मिलकर कोशिश करें | |
| प्रश्न सं 2. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 5x1= 5 |
| | कर नहीं सकते हैं कभी मुँह से कहो न यार,<br>क्यों नहीं कर सकते उसे, सोचो यह एक बार<br>कर सकते हैं दूसरे पाँच जने जो कार,<br>उसके करने में भला तुम हो क्यों लाचार?<br>हो, मत हो, पर दीजिए कभी न हिम्मत हार,<br>नहीं बने एक बार तो कीजे सौ-सौ बार<br>'कर नहीं सकते' कह के अपना मुँह न फुलाओ<br>ऐसी हलकी बात कभी जी पर मत लाओ।<br>सुस्त निक्कमे पड़े रहें आलस के मारे,<br>वही लोग ऐसा कहते हैं, समझो प्यारे,<br>देखो उनके लच्छन जो ऐसा बकते हैं,<br>फिर कैसे कहते हो, कुछ नहीं कर सकते हैं ।<br>जो जल में नहीं घुसे तैरना उसको कैसे आवे?<br>जो गिरने से हिचके, उसको चलना कौन सिखावे?<br>जल में उतर तैरना सीखो, दौड़ो, सीखो चाल<br>'निश्चय कर सकते हैं',कहकर सदा रहो खुशहाल। | |

| | | |
|---|---|---|
| | I कवि मुँह से क्या नहीं कहने की बात करते हैं?<br>(क) कह नहीं सकते<br>(ख) देख नहीं सकते<br>(ग) कर नहीं सकते<br>(घ) सुन नहीं सकते<br>II 'कर नहीं सकते' ऐसी बातें कौन करते हैं?<br>(क) मेहनती<br>(ख) भाग्यवादी<br>(ग) निकम्मे<br>(घ) कर्मवादी<br>III कवि क्या सोचने के लिए कहते हैं?<br>(क) क्या नहीं कर सकते<br>(ख) क्यों नहीं कर सकते<br>(ग) कब नहीं कर सकते<br>(घ) कौन नहीं कर सकता<br>IV तैरना सीखने के लिए क्या करना होगा?<br>(क) कपडे तैयार करने होंगे<br>(ख) नदी या तालाब के पास जाना होगा<br>(ग) जल में उतरना होगा<br>(घ) सिखाने वाला ढूँढना होगा<br>V क्या कहकर आप सदा खुशहाल रह सकते हैं?<br>(क) निश्चय नहीं कर सकते हैं<br>(ख) क्या कर सकते हैं<br>(ग) नहीं कर सकते हैं<br>(घ) निश्चय कर सकते हैं | |
| | अथवा | |
| | हैं जन्म लेते जगह में एक ही<br>एक ही पौधा उन्हें है पालता<br>रात में उनपर चमकता चाँद भी<br>एक ही सी चाँदनी है डालता ।<br>मेह उन पर है बरसता एक सा<br>एक ही उनपर हवाएँ है बही<br>पर सदा ही यह दिखाता है हमें<br>ढंग उनके एक से होते नहीं<br>छेद कर कांटा किसी की अंगुलियाँ<br>फाड़ देता है किसी का वर-वसन,<br>प्यार डूबी तितलियों का पर क़तर | |

| | | |
|---|---|---|
| | भँवर का है भेद देता श्याम तन,<br>फूल लेकर तितलियों को गोद में<br>भंवर को अपना अनूठा रस पिला<br>निज सुगंधों और निराले ढंग से<br>है सदा देती कली का जी खिला<br>है खटकता एक सबकी आँख में<br>दूसरा है सोहता सुर शीश पर<br>किस तरह कुल की बड़ाई काम दे<br>जो किसी में हो बड़प्पन की कसर । | |
| | I किसी की अंगुलियाँ कौन छेद देता है?<br>(क) फूल<br>(ख) कांटा<br>(ग) तितलियाँ<br>(घ) भौंरे<br>II भँवरे का शरीर किस रंग का होता है?<br>(क) सफ़ेद<br>(ख) पीला<br>(ग) काला<br>(घ) लाल<br>III तितलियों को गोद में कौन लेती है?<br>(क) भौंरे<br>(ख) कांटा<br>(ग) पत्ते<br>(घ) फूल<br>IV फूल भँवरे को क्या पिलाता है?<br>(क) पानी<br>(ख) रस<br>(ग) खुशबू<br>(घ) पराग<br>V फूल और कांटा' किसके प्रतीक हैं?<br>(क) पाप और पुण्य<br>(ख) धूप और छाँव<br>(ग) सज्जन और दुर्जन<br>(घ) धर्म और अधर्म | |
| | **व्यावहारिक व्याकरण** | **16** |
| प्रश्न सं 3. | निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - (कोई चार) | 4x1= 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) वह बाजार गया और केले ले आया । रचना के आधार पर वाक्य भेद है -<br>(क) सरल वाक्य<br>(ख) संयुक्त वाक्य<br>(ग) मिश्र वाक्य<br>(घ) साधारण वाक्य<br>(ii) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है -<br>(क) परिश्रमी व्यक्ति अवश्य सफल होता है ।<br>(ख) जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं, वे सदा सुखी होते हैं।<br>(ग) मैंने खाना खाया और सो गया ।<br>(घ) कठोर होकर भी सहृदय बनो।<br>(iii) आपने कठिन परिश्रम किया और उत्तीर्ण हो गए । इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा-<br>(क) आप इसलिए उत्तीर्ण हो गए क्योंकि आपने कठिन परिश्रम किया ।<br>(ख) कठिन परिश्रम करने के कारण आप उत्तीर्ण हुए।<br>(ग) कठिन परिश्रम करने वाला उत्तीर्ण होता है ।<br>(घ) आपके कठिन परिश्रम ने आपको उत्तीर्ण करा दिया ।<br>(iv) मैंने देखा कि <u>एक साँप रेंगते हुए घास में छिप गया</u>। रेखांकित उपवाक्य का भेद है-<br>(क) संज्ञा आश्रित उपवाक्य<br>(ख) सर्वनाम आश्रित उपवाक्य<br>(ग) विशेषण आश्रित उपवाक्य<br>(घ) क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य<br>(v) निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है -<br>(क) बच्चे विद्यालय जा रहे हैं।<br>(ख) शिक्षक ने कहा कि कल छुट्टी रहेगी।<br>(ग) उसने समझाया था, मैंने नहीं समझा ।<br>(घ) बच्चे मैदान में खेल रहे हैं। | |
| प्रश्न सं 4. | निर्देशानुसार उत्तर लिखिए (कोई चार) - | 4x1= 4 |
| | (i) निम्न लिखित वाक्य का वाच्य लिखिए -<br>मैंने पत्र लिखा ।<br>(क) कर्तृ वाच्य<br>(ख) कर्म वाच्य<br>(ग) भाव वाच्य<br>(घ) करण वाच्य<br>(ii) उन्होंने सारे प्रश्न हल कर दिए उपर्युक्त वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए - | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) उन्होंने सारे प्रश्न हल कर दिए<br>(ख) सारे प्रश्न उन्होंने हल कर दिए<br>(ग) उनके द्वारा सारे प्रश्न हल कर दिए गए<br>(घ) उनके द्वारा प्रश्न हल कर दिया गया<br>(iii) मैं हँस नहीं सकता उपर्युक्त वाक्य को भाववाच्य में बदलिए -<br>(क) मैं हँस नहीं सकता<br>(ख) मैं हँसना नहीं जानता<br>(ग) मेरे द्वारा हँसा नहीं जाता<br>(घ) मुझे हँसना नहीं आता<br>(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृ वाच्य वाला वाक्य छाँटिए -<br>(क) सुमित ने कविता पढ़ी<br>(ख) सुमित के द्वारा कविता पढ़ी गई<br>(ग) सुमित के द्वारा कविता पढ़ी जाती है<br>(घ) कविता सुमित के द्वारा पढ़ी गई<br>(v) निम्नलिखित में से भाववाच्य का उदाहरण है -<br>(क) आज घूमने चलते हैं<br>(ख) आज घूमने चलें ?<br>(ग) आज घूमने चला जाए<br>(घ) आओ, घूमने चलते हैं | |
| प्रश्न सं 5. | रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए - (कोई चार) - | 4x1= 4 |
| | (i) वे लोग कल <u>शिमला</u> जा रहे हैं रेखांकित पद का परिचय है -<br>(क) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन पुल्लिंग, कर्ता कारक<br>(ख) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एकवचन पुल्लिंग, कर्ता कारक<br>(ग) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक<br>(घ) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एकवचन पुल्लिंग, करण कारक<br>(ii) रमा <u>कलम</u> से स्केच बनाती है रेखांकित पद का परिचय है<br>(क) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन पुलिंग, कर्म कारक<br>(ख) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन पुलिंग, कर्ता कारक<br>(ग) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन पुलिंग, करण कारक<br>(घ) व्यक्ति वाचक संज्ञा, एकवचन पुलिंग, कर्ता कारक<br>(iii) <u>वे लोग</u> आ गए रेखांकित पद का परिचय है -<br>(क) सर्वनाम, पुरुषवाचक, बहुवचन, प्रथम पुरुष, कर्ता कारक<br>(ख) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, बहुवचन, कर्ता कारक | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) सर्वनाम, पुरुषवाचक, बहुवचन, मध्यम पुरुष, कर्ता कारक<br>(घ) सर्वनाम, पुरुषवाचक, बहुवचन, अन्य पुरुष कर्ता कारक<br>(iv) गंगा विश्व की सबसे पवित्र नदी मानी जाती है रेखांकित पद का परिचय है -<br>(क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक<br>(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक<br>(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक<br>(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक<br>(v) शाबाश ! तुमने बहुत अच्छा खेला रेखांकित पद का परिचय है -<br>(क) सर्वनाम, पुरुषवाचक, एकवचन, मध्यम पुरुष, कर्ता कारक<br>(ख) सर्वनाम, पुरुषवाचक, बहुवचन, मध्यम पुरुष, कर्ता कारक<br>(ग) सर्वनाम, पुरुषवाचक, बहुवचन, उत्तम पुरुष, कर्ता कारक<br>(घ) सर्वनाम, पुरुषवाचक, बहुवचन, अन्य पुरुष, कर्ता कारक | |
| प्रश्न सं 6. | निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -- (कोई चार) - | 4x1= 4 |
| | (i) सुबरन को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर - रेखांकित पद में अलंकार है -<br>(क) अनुप्रास अलंकार<br>(ख) यमक अलंकार<br>(ग) श्लेष अलंकार<br>(घ) उत्प्रेक्षा अलंकार<br>(ii) पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के - अलंकार की पहचान कीजिए -<br>(क) उपमा अलंकार<br>(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार<br>(ग) रूपक अलंकार<br>(घ) श्लेष अलंकार<br>(iii) प्रकृति मानो हँस रही है - अलंकार की पहचान कीजिए -<br>(क) उपमा अलंकार<br>(ख) श्लेष अलंकार<br>(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार<br>(घ) रूपक अलंकार<br>(iv) खिलखिला रही थी कलियाँ सारी,<br>ठहाके लगा रहा था परिवेश - अलंकार की पहचान कीजिए -<br>(क) रूपक अलंकार<br>(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार<br>(ग) मानवीकरण अलंकार | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) अतिशयोक्ति अलंकार<br>(v) वज्र सा देह था उसका,<br>टकराते ही टूटा पहाड़ - अलंकार की पहचान कीजिए -<br>(क) रूपक अलंकार<br>(ख) अतिशयोक्ति अलंकार<br>(ग) मानवीकरण अलंकार<br>(घ) श्लेष अलंकार | |
| | **पाठ्य-पुस्तक क्षितिज भाग - 2** | 14 |
| प्रश्न सं 7. | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- | 1x5=5 |
| | "हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मजाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल-सा लंगड़ा आदमी सर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी-सी संदुकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं! फेरी लगता है! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं। ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था। काम भी था। हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए। फिर एक बार ऐसा हुआ कि मूर्ति के चेहरे पर कोई भी, कैसा भी चश्मा नहीं था। उस दिन पान की दुकान भी बंद थी। चौराहे की अधिकांश दुकानें बंद थीं। अगली बार भी मूर्ति की आँखों पर चश्मा नहीं था। हालदार साहब ने पान खाया और धीरे से पानवाले से पूछा-क्यों भाई, क्या बात है? आज तुम्हारे नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं है? | |
| | (i) हालदार साहब की दृष्टि में कौन देशभक्त था?<br>(क) पानवाला<br>(ख) मास्टर मोतीलाल<br>(ग) कैप्टन<br>(घ) चेयरमैन<br>(ii) एक बार कस्बे से गुजरते समय हालदार साहब को मूर्ति में क्या अंतर दिखाई दिया?<br>(क) मूर्ति टूटी हुई थी<br>(ख) मूर्ति पर चश्मा नहीं था<br>(ग) मूर्ति गंदी थी<br>(घ) कोई नही.<br>(iii) चश्मेवाले के प्रति पानवाले के मन में कैसी भावना थी?<br>(क) घृणा | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) उत्साह<br>(ग) उपहास<br>(घ) मित्रता<br>(iv) कैप्टन के अंदर किस गुण की प्रधानता दिखी?<br>(क) देशभक्ति<br>(ख) स्वार्थ<br>(ग) प्रेम<br>(घ) व्यापार<br>(v) गद्यांश में नेताजी से आशय है -<br>(क) महात्मा गांधी<br>(ख) सुभाष चन्द्र बोस<br>(ग) जवाहर लाल नेहरु<br>(घ) भगत सिंह | |
| प्रश्न सं 8. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- | 2x1=2 |
| | (i) बालगोबिन भगत की आयु -<br>(क) पचास के करीब थी<br>(ख) साठ के करीब थी<br>(ग) सत्तर के करीब थी<br>(घ) अस्सी के करीब थी<br>(ii) बालगोबिन भगत प्रभाती गाना कब शुरू करते थे ?<br>(क) कार्तिक मास में<br>(ख) अगहन मास में<br>(ग) पूस मास में<br>(घ) माघ मास में | |
| प्रश्न सं 9. | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए - | 1x5=5 |
| | 'बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनिसु महाभट मानी।।<br>पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फूँकी पहारू।।<br>इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं।।<br>देखि कुठारु सरासन बाना । मैं कछु कहा सहित अभिमाना।।<br>भृगुसुत समझि जनेऊ बिलोकी। जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी।<br>सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई ।।'<br>(i) लक्ष्मण ने कैसे कहा ?<br>(क) रोते हुए<br>(ख) डरते हुए<br>(ग) हँसते हुए<br>(घ) सहमे हुए | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) बोलते समय लक्ष्मण की आवाज में -<br>(क) कठोरता थी<br>(ख) मिठास थी<br>(ग) कम्पन थी<br>(घ) तीव्रता थी<br>(iii) काव्यांश में 'भृगुसुत' शब्द किसके लिए आया है ?<br>(क) राम के लिए<br>(ख) लक्षमण के लिए<br>(ग) परशुराम के लिए<br>(घ) विश्वामित्र के लिए<br>(iv) यह वार्तालाप किनके- किनके बीच हो रहा है?<br>(क) राम और लक्ष्मण के बीच<br>(ख) राम और परशुराम के बीच<br>(ग) लक्ष्मण और परशुराम के बीच<br>(घ) लक्ष्मण और विश्वामित्र के बीच<br>(v) लक्ष्मण ने अपने क्रोध रोकने का क्या कारण बताया है?<br>(क) ऋषि का बुजुर्ग होना<br>(ख) ऋषि का कमजोर होना<br>(ग) भृगु वंशीय ब्राम्हण होना<br>(घ) ऋषि का शक्तिशाली होना | |
| प्रश्न सं 10 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- | 2x1=2 |
| | (i) "हरि हैं राजनीति पढ़ि आए" किसने कहा है ?<br>(क) उद्धव जी ने<br>(ख) गोपियों ने<br>(ग) श्री कृष्ण ने<br>(घ) मधुकर ने<br>(ii) राम लक्षमण- परशुराम संवाद पाठ में 'नृप बालक' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?<br>(क) राम के लिए<br>(ख) परशुराम के लिए<br>(ग) लक्ष्मण के लिए<br>(घ) विश्वामित्र के लिए | |
| | **खंड ख (वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| | **पाठ्य-पुस्तक क्षितिज भाग - 2 व पूरक पाठ्य-पुस्तक कृतिका भाग - 2** | 20 |
| प्रश्न सं 11 | दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर 25- 30 शब्दों में लिखिए- | 3x2=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | (I) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?<br>(ii) भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त कीं?<br>(iii) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?z<br>(iv) बिना विचार,घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है\| यशपाल के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं? | |
| प्रश्न सं 12 | दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर 25- 30 शब्दों में लिखिए- | 3x2=6 |
| | (i) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है?<br>(ii) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है?<br>(iii) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए?<br>(iv) कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है? | |
| प्रश्न सं 13 | दिए गए निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर 50- 60 शब्दों में लिखिए- | |
| | (i) 'साना-साना हाथ जोड़ी' पाठ में वर्णित प्राकृतिक सौंदर्य को अपने शब्दों में लिखिए<br>(ii) 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है? अपने शब्दों में लिखिए\|<br>(iii) 'माता का अँचल' पाठ में आए ऐसे प्रसंगों का वर्णन कीजिए जो आपके दिल को छू गए हों\| | 2x4=8 |
| | **रचनात्मक लेखन** | **20** |
| प्रश्न सं 14 | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - | 1x6=6 |
| | **(क) प्रदूषण और इसका दुष्प्रभाव**<br>प्रस्तावना<br>प्रदूषण के कारण<br>उपाय<br>उपसंहार<br>**(ख) मेरे विद्यालय का वार्षिकोत्सव**<br>प्रस्तावना<br>आयोजन का स्वरुप<br>वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण<br>उपसंहार<br>**(ग) समाज निर्माण में नारियों की भूमिका**<br>प्रस्तावना<br>समाज में नारियों की बदलती भूमिका<br>आज के समाज का स्वरूप<br>उपसंहार | |
| प्रश्न सं 15 | दिए गए निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए - | 1x5=5 |
| | अपने क्षेत्र में हो रहे शोर-गुल से आपको पढाई में हो रही असुविधा का वर्णन करते हुए | |

| | | |
|---|---|---|
| | किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>मोबाइल फोन के दुरूपयोग न करने की सलाह देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए । | |
| प्रश्न सं 16 | किसी निजी विद्यालय में कार्यालय सहायक पद के आवेदन हेतु लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त लिखिए।<br>अथवा<br>ट्रैफिक जाम की समस्या के समस्या का सुझाव देते हुए ट्रैफिक पुलिस के उपायुक्त को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। | 1x5=5 |
| प्रश्न सं 17 | अपने मुहल्ले में स्वच्छता अभियान विषय पर लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>'जन्मदिन की शुभकामना देते हुए छोटे भाई को लगभग 60 शब्दों में संदेश लिखिए। | 1x4=4 |

****************